साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### नामांतरण अथवा बंटवारा प्रकरण लाने पर मिलेंगे एक लाख रूपए

शिवपुरी ,(आरएनएस)। तीन महीने पुराना अविवादित नामांतरण अथवा बंटवारा के लंबित प्रकरण की जानकारी देने पर संबंधित व्यक्ति को एक लाख रूपए नगद पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। पुरस्कार की राशि दोषी अधिकारी/कर्मचारी से वसूल की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी से उक्त जानकारी 31 जनवरी 2018 तक कार्यालयीन समय में सुसंगत दस्तावेज मय पावती प्रस्तुत कर दी जा सकती है, जिसके परीक्षण उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा तीन माह पूर्व 15 अगस्त 2017 को घोषणा की गई थी कि यदि कोई व्यक्ति तीन महीने पुराने अविवादित नामांतरण अथवा बंटवारा के लंबित प्रकरण की जानकारी लेकर आता है, तो उसे एक लाख रूपए नगद पुरूस्कार दिया जाएगा और पुरस्कार की राशि दोषी अधिकारी/ कर्मचारी से वसूल की जाएगी।

### हम बिना भेदभाव के योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां कहा कि हम केंद्र सरकार की योजनाओं को बिना किसी भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सब के पास अवसर है कि कोई उपेक्षित न हो, भेदभाव का शिकार न हो। यह बात मुख्यमंत्री योगी ने आज विधानसभा के तिलक हॉल में आयोजित यूपी समेत उत्तर भारत के 09 राज्यों के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रियों व अधिकारियों की विकास समन्वय बैठक के उद्घाटन अवसर कही। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय पर बेहद अहम जिम्मेदारी है। अगर हमारे शरीर का कोई अंग काम करना बंद करता है तो हमें दिव्यांग कहा जाता है। अगर समाज में किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव होता है तो वो अपने आपको उपेक्षित महसूस करता है। हमें ध्यान रखना है कि कोई व्यक्ति अराजकता का शिकार न हो और वह अपने समाज के साथ मिलकर इस राष्ट्र को सशक्त बनाने और एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना में अपना योगदान दे सके। हम हर तबके के विकास के लिए प्रतिबद्ध ञ मुख्यमंत्री उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के हर तबके के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार जब बनी तो बहुत से लोगों को अंदेशा था कि हम कटौती करेंगे, फलां करेंगे। हमने कहा कि भई ऐसी कल्पना कोई कैसे कर सकता है। हम सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ सत्ता में आये हैं। हमने संकल्प लिया कि हम शासन की योजनाओं को बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। यह काम निरन्तर चल रहा है। यूपी में आई अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का तेजी ञ योगी अल्पसंख्यकों और दलितों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र और जरूरतमंद लोगों तक न पहुंच पाने पर चिन्ता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टैण्ड अप योजना के तहत बैंक की प्रत्येक शाखा द्वारा एक महिला के साथ दो-दो लोगों का चयन करना था। इस हिसाब से 37 हजार लोगों का चयन होना चाहिए था मगर अब तक आठ सौ लोगों का चयन ही हो पाया। लोग भटकते हैं, उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि ऐसी कई योजनाएं थीं, जिनके बारे में जनता को जानकारी नहीं थी लेकिन केंद्रीय मंत्री श्री नकवी के पहले दौरे के बाद से ही मैंने देखा है कि उत्तर प्रदेश में तेजी के साथ वे योजनाएं आगे बढ़ी हैं। अगर हर राज्य वही तेजी ला दे, तो कहीं भी कोई उपेक्षा की बात नहीं कर सकता। उत्तर क्षेत्र समन्वय समिति की बैठक में केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अधिकारी शामिल है। साथ ही राज्यों के अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ काउंसिल व राज्य हज समिति के प्रतिनिधि भी शामिल हुए हैं। हाई सिक्योरिटी जोन में स्थित है गर्भगृह हाई सिक्योरिटी जोन में इस तरह की घटना से श्रद्धालुओं के मन में कई सवाल पैदा हो रहे हैं, लेकिन यह जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक, फैजाबाद जिले में अयोध्या स्थित है। यहां रामलला के गर्भ ग्रह से पिछले 2 दिनों से रहस्यमई धुआं निकल रहा है। जांच में पता चला है कि इस धुएं में कोई ताप नहीं है। फायर सर्विसेज के अधिकारी अब तक धुआं निकलने की वजह नहीं तलाश पाए। मौके पर मौजूद बम स्क्वायड के विशेषज्ञ भी नहीं समझ पा रहे रहस्य टेंट के पास जमीन के भीतर से धुआं कैसे निकल रहा है। फायर विभाग के अधिकारी, पुरातत्व विभाग के अधिकारी, खुफिया विभाग और बड़े अफसर पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं। लेकिन अभी तक किसी ने पता नहीं लगा पाया है कि यह धुआं कहां से आ रहा है। क्या कहते हैं जिम्मेदार इस मामले में कमिश्नर ने कहा है कि कोई चिंता की बात नहीं है। गर्भ ग्रह से धुआं आ रहा है, इसमें कोई नुकसान नहीं है। ना तो इसमें लपटें निकल रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे गांव में खेतों में लोग गोबर डालते हैं तो सर्दी के मौसम में इसमें रिएक्शन होकर धुआं निकलने लगता है। हो सकता है ऐसा ही कोई पदार्थ या अन्य कोई चीज के रियेक्शन से ये धुआं निकल रहा हो। फ़िलहाल ये धुआं कहां से आ रहा है ये जांच का विषय है। लेकिन यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु इसे अंधविश्वास से भी जोड़कर देख रहे हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी फैजाबाद संतोष कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।अब देखने वाली बात यह होगी कि यह धुआं कहां से आ रहा इसकी जांच में ही पता चल पायेगा।

### बम्पर ड्रा में महिला कृषक को मिला मैसी ट्रैक्टर

बहराइच, (आरएनएस)। मण्डी परिषद द्वारा संचालित कृषक आवक उपहार योजना अन्तर्गत छमाही बम्पर ड्रा की ट्रैक्टर विजेता महिला कृषक श्रीमती माला देवी को कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार राय ने मैसी ट्रैक्टर की चाभी भेंट की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर एस.पी. शुक्ल तथा कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच के सचिव सुभाष सिंह अन्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मण्डी परिषद द्वारा संचालित कृषक आवक उपहार योजना अन्तर्गत मण्डी में विक्रय के लिए लाये गये निर्दिष्ट कृषि उत्पादों की बिक्री मूल्य पर प्रत्येक 5000 रुपये की बिक्री पर कृषक को निःशुल्क कूपन निर्गत किया जाता है। निर्गत किये गये कूपन के आधार पर मण्डल स्तर पर त्रैमासिक एवं छमाही बम्पर ड्रा किया जाता है। त्रैमासिक ड्रा के आधार पर स्प्रेयर पावर युक्त हस्तचलित पंखा पम्पिंग सेट तथा छमाही ड्रा के आधार पर टैक्टर पावर ट्रिलर पावर ड्राइवेन हार्वेस्टर रीपर कृषकों को प्रदान किया जाता है। लकी ड्रा के आधार पर श्रीमती माला देवी को मैसी ट्रैक्टर सुरेन्द्र बहादुर सिंह को पावर ड्राइवेन हार्वेस्टर रीपर कृषक मोहम्मद हुसैन गेंदालाल ध्रुव नरायन सिंह नर सिंह व शशांक सिंह को स्प्रेयर पावर युक्त कृषक मिलेन्द तिवारी व मोहम्मद हुसैन को हस्तचलित पंखा ईनाम में मिला है। मण्डी सचिव ने यह भी बताया कि कृषक आवक उपहार योजना के अतिरिक्त खलिहान दुर्घटना बीमा योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में धनराशि 1686281 रुपये कृषकों में वितरित की गयी है। उन्होंने बताया कि मण्डी द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा भी संचालित है। जिसके तहत कृषि कार्य करते समय किसी अंग के विच्छेदन अथवा मृत्यु की स्थिति में भी दो लाख रुपये की धनराशि प्रदान किये जाने प्राविधान है।

### पिहानी में घने कोहरे के चलते तालाब में गिरी कार

हरदोई, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिला के पिहानी थाना क्षेत्र के जहानीखेड़ा मार्ग पर बुधवार की रात घने कोहरे के कारण कार सड़क किनारे बने तालाब में पलट गई। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को बाहर निकाला लेकिन तब तक दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो चुकीथी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी के शवों को बाहर निलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, पिहानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा यूसुफजई निवासी मुन्ना (50) अपने छोटे भाई हैं शान की पत्नी रुखसाना (45) उनकी पुत्री दरख्शा (24) बावन कस्बे के बाजार निवासी साले आशिक अली (45) और उनके पुत्र गुलबेग (23) के साथ कार्य से बुधवार को सीतापुर स्थित पुत्री के घर गए थे। कार आशिक अली की थी और वही चला रहे थे। लौटते वक्त कोहरा घना हो गया रात करीब 8ञ40 बजे पिहानी से चपरतला मार्ग पर ग्राम जाजूपारा के पास घने कोहरे के चलते रास्ता नहीं दिखा। चालक नियंत्रण खो बैठा और कार बेकाबू हो गई। कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। तालाब में गिरने की आवाज सुनकर जा ग्रामीण दौड़े औ पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में उतरकर कार के अंदर फंसे पांच लोगों को बाहर निकाला लेकिन तब तक कार में सवार 5 लोगों की मौत हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस जीप भी घने कोहरे के कारण खाही में घुसी थाना प्रभारी पिहानी श्यामबाबू शुक्ला की सरकारी जीप भी घने कोहरे के कारण चठिया-पंडरवा के बीच खाही में जा घुसी। गनीमत रही कि सभी पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घण्टों की मशक्कत के बाद पुलिस ने देर रात करीब 11ञ30 बजे पुलिस जीप को बाहर निकाल पाया। घटना से मौके पर काफी देर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

### दलित उत्पीड़न का अभियोग दर्ज

गोंडा, (आरएनएस)। कौड़िया थाना क्षेत्र के चैपुरवा गांव निवासी राम समुझ ने गांव के ही राजेन्द्र कुमार शुक्ल के विरुद्ध मारने पीटने व दलित उत्पीड़न का अभियोग दर्ज कराया है। पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिक में कहा गया है कि वह भैंसहा गांव से अपने घर वापस आ रहा था। तभी आरोपी द्वारा रास्ते में उन्हे लाठी डंडे से मारा पीटा। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि चोटहिल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रुपईडीह भेज दिया गया है।

### नकल विहीन परीक्षा कराना प्राथमिकता

बागेश्वर (आरएनएस)। मुख्य शिक्षाधिकारी हरीश चंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा होनी है। इसे पूरी तरह नकलविहीन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा से पहले यह प्री-बोर्ड परीक्षा अहम होती है। छात्र-छात्राओं की तैयारी का आंकलन भी होता है। उन्होंने कहा कि मासिक परीक्षाएं भी आयोजित होती हैं। मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रधानाचार्यों की बैठक में सीईओ रावत ने कहा कि मार्च से हाईस्कूल और इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षाएं भी हैं। इनकी भी उन्हें तैयारी करनी है। उन्होंने स्कूलों के निर्माण कार्य पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। निर्माण कार्य की प्रधानाचार्य समय-समय पर रिपोर्ट देंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी एनएस गस्याल ने प्रधानाचार्यों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट शिक्षकों को डीएलएड कराया जा रहा है। स्कूलों में उनके स्टडी सेंटर बनाए जाने हैं। जिस पर भी प्रधानाचार्यों का अहम रोल है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति अब ऑनलाइन हो गई है। छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के बारे में प्रधानाचार्य उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने तमाम योजनाओं के बारे में भी प्रधानाचार्यों को जानकारी दी। एससीएसटी और अन्य वर्गों को मिलने वाला वजीफा आदि के बारे में बताया। बैठक में उप शिक्षाधिकारी समेत हेम चंद्र जोशी, अमित लोहनी, डाइट प्रवक्ता संजय गुरुनी आदि मौजूद थे।

### भूतपूर्व सैनिक महिला संगठन करेगी आन्दोलन

फतेहपुर, (आरएनएस)। भूतपूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति महिला संगठन की एक बैठक जिलाध्यक्ष जागृति तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवा चरमरा गयी है। प्रशासन के तमाम दावे झूठा व पुलिन्दा साबित हो रहे है। उन्होने कहा कि सदर अस्पताल में दलालो का अड्डा बन गया हैं। कमीशन के लालच में डाक्टर ज्यादातर दवाईया बाहर की लिख रहे है। मेडिकल स्टोरो पर भीड लगी रहती है। लेकिन फिर भी न तो मुख्य चिकित्साधिकारी देखते है और न ही चिकित्साधिकारी जो महिला अस्पताल में महिला दलालो की पौ बारह है। कोई डिलीवरी का मामला आता है तो आशा बहूओ के साथ लग जाती है और अच्छा कमीशन लेकर घटिया प्राइवेट नर्सिंग होम में ले आती है। जहां पर मरीजो के साथ लूट की जाती है। उन्होने कहा कि आकस्मिक सेवा भाव पर कानपुर रिफर करने का केन्द्र बनकर रह गया है और प्राइवेट एम्बुलेन्स मरीज के तीमारदारो को बहला फुसलाकर कानपुर में हैलट न ले जाकर कमीशन देने वाले अस्पताल में ले जाते है। बैठक मे निर्णय लिया गया कि होली पर्व के बाद जिला अस्पताल में फैले भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को लेकर आन्दोलन किया जायेगा।

### पिता ने लगाए गंभीर आरोप

लखनऊ, (आरएनएस)। राजधानी के लखनऊ ब्राइट लैंड स्कूल कांड में कक्षा एक के छात्र ऋतिक को चाकू मारकर घायल करने के मामले में मुख्य-मंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार दोपहर ट्रामा सेंटर बच्चे का हाल-चाल लेने पहुंचे। यहां उन्होंने हालचाल लेने के बाद स्क्ल को कार्रवाई के आदेश दिए। लखनऊ के एसएसपी दीपक कुमार ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पहला एक्शन लेते हुए बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके दोनों बेटियों को भी हिरासत में लिया गया है। इस मामले में एसएसपी ने बताया कि आरोपी छात्रा की उम्र अभी 11 वर्ष है। इसलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन की तरफ से घटना की पुलिस को सूचना नहीं दी गई और ना ही डीआईओएस को भी बताया गया। एसएसपी ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल रचित मानस को जुर्म को छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल इस घटना के मामले में एसएसपी ने बताया कि छात्र के पास से एक छात्रा का बाल भी मिला है उसे डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जाएगा और उसकी फाइल तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ऋतिक ने की छात्रा की पहचान इस मामले में सीओ अलीगंज डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि वह गुरवार सुबह स्कूल परिसर का जायजा लेने गई थीं। उन्होंने बताया कि पीड़ित छात्र रितिक ने की आरोपी छात्रा की पहचान कर ली है। वहीं ब्राइटलैंड स्कूल में जिला विद्यालय निरीक्षक भी जांच करने पहुंचे। दो सदस्यीय टीम ने स्कूल के अंदर जांच पड़ताल की। अलीगंज पुलिस ने घटना में इस्तेमाल दुपट्टा और चाकू स्कूल के बाथरूम से बरामद कर लिया है। आरोपी छात्रा को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। आरोपी छात्रा के पिता ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा के पिता के आरोपों के बाद स्कूल प्रशासन कटघरे में खड़ा हो गया है। पिता के आरोपों को जो भी सुन रहा है उसके कान खड़े हो जा रहे हैं। हालांकि मामले की सच्चाई के लिए पुलिस मामले की बारीकी से तफ्तीश की जा रही है। बता दें कि छात्र पर चाकू से वार करने के आरोपों के बाद गुरुवार को सैकड़ों छात्र-छात्राएं स्कूल के गेट पर पहुंची और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। हालांकि पूरे दिन सुबह से लेकर शाम तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्कूल बुलाकर छात्रा के काटे गए बाल, न्यूड करके ली गई तलाशी छात्रा के पिता ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद पहले स्कूल प्रशासन मामले को दबाये रखा। इस मामले में उन्हें भी जानकारी नहीं थी। मामला मीडिया में हाइलाइट होने के बाद उन्हें घटना के बारे में जानकारी हुई। छात्रा के पिता का आरोप है कि इस घटना के बाद बुधवार को छात्रा को स्कूल बुलाया गया था। बेटी ने अपनी मां को बताया है कि स्कूल में ही उसके बाल काटे गए। इसके बाद टीचर ने उसे एक दम न्यूड (बिना कपड़े) करके तलाशी ली गई। आरोप है कि उनकी बेटी को स्कूल प्रशासन ने धमकाया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पिता ने आरोप लगाया है कि पुलिस बेवजह उनकी बेटी को फंसा रही है जबकि घटना किसी और द्वारा की गई होगी। हालांकि उनके बयान में कितनी सच्चाई है ये पुलिस की जांच का विषय है।

### सीएम के निर्देश के बाद पहला एक्शन- ब्राइट लैंड स्कूल की प्रिंसिपल गिरफ्तार

लखनऊ, (आरएनएस)। राजधानी के लखनऊ ब्राइट लैंड स्कूल कांड में कक्षा एक के छात्र ऋतिक को चाकू मारकर घायल करने के मामले में मुख्य-मंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार दोपहर ट्रामा सेंटर बच्चे का हाल-चाल लेने पहुंचे। यहां उन्होंने हालचाल लेने के बाद स्क्ल को कार्रवाई के आदेश दिए। स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही आई सामने लखनऊ के एसएसपी दीपक कुमार ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पहला एक्शन लेते हुए बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके दोनों बेटियों को भी हिरासत में लिया गया है। इस मामले में एसएसपी ने बताया कि आरोपी छात्रा की उम्र अभी 11 वर्ष है। इसलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में स्कूल प्रशासन की घोर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन की तरफ से घटना की पुलिस को सूचना नहीं दी गई और ना ही डीआईओएस को भी बताया गया। एसएसपी ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल रचित मानस को जुर्म को छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल इस घटना के मामले में एसएसपी ने बताया कि छात्र के पास से एक छात्रा का बाल भी मिला है उसे डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जाएगा और उसकी फाइल तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

### फर्रुखाबाद में बदमाशों ने गोलियों से भूनकर की वृद्ध की हत्या

फर्रुखाबाद,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में वृद्ध दलवीर सिंह यादव (50) की गुरुवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। दलवीर के मुंह व कनपटी में गोली लगी। खेती करने वाले दलवीर सुबह करीब 7 बजे के बाद काम करने के लिये खेतों की ओर जा रहे थे जब वह गांव के पंचायत घर चौराहे के पास से गुजर रहे थे तभी गांव के ही शातिर अपराधी रंजीत यादव ने दो साथियों के साथ के साथ घेर लिया। दलवीर को मारने के लिए उनके ऊपर .315 बोर के तमंचे से करीब 7 गोली चलाई गई। 3 गोली लगने से दलवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। दलवीर ने हमलावर रंजीत को पहचान लिया। दलवीर थाना मेरापुर के ग्राम बखरिया के निवासी थे। गंभीर रूप से घायल दलवीर सिंह को आज सुबह 8ञ30 बजे उनके भाई मेघ सिंह ने पुलिस के सहयोग से लोहिया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर मनोज कुमार रतमेले ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पूर्व सैनिक थे मृतक के पिता जानकारी के मुताबिक, दलवीर के पिता पूर्व सैनिक थे उन्होंने वर्ष 1995 में बेटी को छेड़ने की रंजिश में गांव के दो भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया था। एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दूसरे घायल भाई का अस्पताल में उपचार हुआ था। इस दौरान तीसरा भाई रंजीत गांव में मौजूद नहीं था। रंजीत ने ही अपने भाई को गोली से मारने का आज बदला ले लिया। अपराधी रंजीत पर थाना मेरापुर कोतवाली मोहम्मदाबाद नवाबगंज एवं जनपद मैनपुरी में अनेकों मुकदमें दर्ज हैं। अपराधी होने के कारण मैं गांव में चोरी छुपे आता था। हत्या के मुकदमे में जेल काटने के दौरान ही सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। बलवीर के दो पुत्र उपेंद्र एवं अभिनय एक बेटी नीलू है। दलवीर की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई सतेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 1996 में विरोधी पक्ष के सद्दू व मकेश की हत्या की गई थी। जिसमें मृतक का नाम आया था। पुरानी रंजिस के चलते ही खूनी खेल खेला गया है। पुलिस हमलावर को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। अगर पुलिस ने ढिलाई बरती तो और मौतें भी हो सकती हैं। सूत्रों की मानें यदि पुलिस ने जल्द आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो वह मृतक के परिवार में किसी को भी अपना निशाना बना सकता है। देखना होगा की पुलिस कितने समय में आरोपी को सलाखों के पीछे भेज पाती है।

### कार सवार बदमाशों ने युवक का दिनदहाड़े किया अपहरण

जौनपुर, (आरएनएस)। नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के वाजिदपुर तिराहे से गुरूवार को एक सफेद रंग की कार पर सवार 3 बदमाशों ने एक युवक की जमकर पिटाई करते हुये उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद कार सवार बदमाश वाराणसी की तरफ भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक सफेद रंग की कार नम्बर यूपी 65 एफटी 9565 जिस पर ओला कम्पनी का लोगो हुआ था, वाजिदपुर तिराहे के पास स्थित बाटी-चोखा रेस्टोरेंट के सामने आकर रूकी। कार से 3 युवक उतरकर वाजिदपुर तिराहे की तरफ गये। कुछ देर बाद तीनो युवक एक युवक को पिटते हुये पकड़ लिये और कार में बैठाकर वाराणसी की तरफ फरार हो गये। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। हैरत की बात यह रही कि घटनास्थल से चंद कदम पर पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहे लेकिन इस बड़ी वारदात की भनक तक नहीं लगी। फिलहाल इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।